कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो0नि0वि0,देहरादून
सिटी जंक्शन मॉल के सामने, निकट आई0एस0बी0टी0 देहरादून
**Office of the Executive Engineer, National Highways, Division, PWD, Dehradun Uttrakhand**
Email- eenhddn@rediffmail.com

पत्रांकः /     दिनांकः 08/06/2022

सेवा में,

उप वन संरक्षक
हरिद्वार वन प्रभाग
हरिद्वार।

विषयः— **जनपद हरिद्वार में (सी0आर0एफ0 2019—20) केन्द्रीय सड़क योजना के अन्तर्गत रूड़की—लक्सर—बालावाली मार्ग (राज्य मार्ग सं0 26) के कि0मी0 01.00 से 19.00 तक पेव्ड शोल्डर से मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य हेतु वन भूमि हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः— वन भूमि प्रस्ताव सं0— **FP/UK/ROAD/153125/2022, आपके कार्यालय द्वारा लगायी गयी ऑनलाइन आपत्ति दिनांक 27.05.2022।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में आपके कार्यालय द्वारा दिनांक 27.05.2022 को ऑनलाइन आपत्ति लगायी गयी है। जिसके संबंध में बिन्दुवार निराकरण निम्न प्रकार है:—

1. Form A (Part-I) में निहित A-3 में इस कार्यालय में कार्यरत सहायक अभियन्ता श्री अमित कुमार त्यागी का नाम ही उल्लेखित है। वन भूमि पत्रावली में संलग्न प्रपत्र—1 में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव को ऑनलाइन अपलोड करने हेतु अधिकृत पूर्व में अंकित श्री अमित त्यागी नाम को संशोधित कर श्री अमित कुमार त्यागी कर दिया गया है।
2. Form A (Part-I) में निहित C-3 में सही टोपोशीट संलग्न कर दी गयी है।
3. वन भूमि हस्तान्तरण पत्रावली में जिलाधिकारी हरिद्वार के हस्ताक्षर करा दिये गये है।

अतः अनुरोध है, उपरोक्तानुसार खण्ड द्वारा आपत्तियों का निराकरण ऑनलाइन करने के साथ—साथ वन भूमि हस्तान्तरण पत्रावली संशोधित कर Hard Copy में चार प्रतियों में संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है, कि प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही एवं सैद्धान्तिक/विधिवत स्वीकृति प्रदान करने हेतु अपनी संस्तुति सहित अग्रसारित करने की कृपा करेगें।

**संलग्नः—** उपरोक्तानुसार।

(इं0 जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता,
राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो0नि0वि0,
देहरादून

पत्रांकः 1137/4सी     दिनांकः 08/06/2022

1. प्रतिलिपि जिलाधिकारी हरिद्वार को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रतिलिपि अधीक्षण अभियन्ता, 10वां रा0मा0 वृत्त, लो0नि0वि0, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता तृतीय/चतुर्थ/पंचम, रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो0नि0वि0,
देहरादून।

प्राप्त
10/6/22
मुख्य सहायक
हरिद्वार वन प्रभाग
हरिद्वार